Nai Dunia (Indore), 05th July 2023, Nai Dunia City, Page – I

# इधर... आइआइटी के दीक्षा समारोह में 564 विद्यार्थी प्राप्त करेंगे डिग्री

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में 15 जुलाई को 11वां दीक्षा समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 564 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें लीबनिज विश्वविद्यालय हनोवर जर्मनी के अध्यक्ष डा. वोल्कर इपिंग मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही एक्सिलर वेंचर्स के अध्यक्ष सेनापति क्रिस गोपालकृष्णन विशिष्ट अतिथि होंगे। बीओजी के अध्यक्ष प्रो. दीपक बी. फाटक समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वहीं आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस जोशी समारोह की मेजबानी करेंगे। आइआइटी इंदौर में विद्यार्थी अब तक की सबसे बड़ी संख्या में डिग्री ग्रहण करेंगे। इसमें 15 पीएचडी प्रोग्राम के 79 विद्यार्थी, 5 बीटेक प्रोग्राम के 297 विद्यार्थी, एमटेक प्रोग्राम के 63 विद्यार्थी, 3 एमएस (रिसर्च) प्रोग्राम के 25 विद्यार्थी और 5 एमएससी प्रोग्राम के 100 विद्यार्थी शामिल हैं। इस दीक्षा समारोह में स्पेस साइंस एंड इंजीनियरिंग, और मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान में एमएस (रिसर्च) प्रोग्राम और इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलाजी और स्पेस इंजीनियरिंग में एमटेक के विद्यार्थियों का पहला बैच भी डिग्री ग्रहण करने जा रहा है। साथ ही 3 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक (जो कि राष्ट्रपति पदक, बूटी फाउंडेशन पुरस्कार और वीपीपी मेनन पदक हैं) दिया जाएगा। विभिन्न श्रेणियों में संस्थान के रजत पदक को आठ और सर्वश्रेष्ठ बीटेक प्रोजेक्ट पुरस्कार एक विद्यार्थी को दिया जाएगा।